

## एक नजर में

### ईद पर प्रशासनिक और पुलिस व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए जिला वक्फ कमेटी ने जताया आभार

**मन्दसौर।** पवित्र त्यौहार ईद के शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित समापन के पश्चात जिला वक्फ कमेटी मन्दसौर द्वारा शहर की माकूल व्यवस्थाओं के लिए जिला प्रशासन, पुलिस विभाग और नगर पालिका परिषद के प्रति आभार व्यक्त किया गया है। जिला वक्फ कमेटी के अध्यक्ष शाकिर हुसैन गड़वी ने कहा कि इस वर्ष ईद के मौके पर प्रशासन द्वारा किए गए इंतजाम अत्यंत सराहनीय रहे, जिससे आमजन और अकीदतमंदों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। अध्यक्ष शाकीर हुसैन ग?वी ने विशेष रूप से नगर पालिका परिषद द्वारा की गई साफ-सफाई और पेयजल व्यवस्था की प्रशंसा की, वहीं पुलिस विभाग द्वारा यातायात प्रबंधन और सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों को त्यौहार की सफलता का मुख्य आधार बताया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की सक्रियता और विभिन्न विभागों के आपसी समन्वय के कारण ही पूरा पर्व आपसी भाईचारे और सौहार्द के वातावरण में संपन्न हुआ। इस सफल आयोजन और सहयोग के लिए शाकिर हुसैन ग?वी ने समस्त प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों को बहुत-बहुत धन्यवाद देते हुए उनके कार्यों की सराहना की है।

### ठाकुर अर्जुन सिंह राठौड़ की 84वीं जयंती पर सेवा और भक्ति का संगम




**मंदसौर।** श्री खाटूश्याम मंदिर के संस्थापक वैकुंठवासी ठाकुर अर्जुन सिंहजी राठौ? की 84वीं जयंती पर शनिवार को शहर में सेवा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह 11:30 बजे किला रोड स्थित काश्तकार होटल के सामने प्याऊ (जल मन्दिर) का शुभारंभ किया गया, जहां राहगीरों को शीतल जल पिलाकर पुण्य लाभ अर्जित किया गया। वही गायों के लिए कुंड और पक्षियों की प्यास बुझाने जल सकोरे भी वितरित किए गए। रात्रि 8 बजे श्री खाटूश्याम मंदिर परिसर में भव्य संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। इस दौरान राष्ट्रीय संत परम पूज्यनीय गुरुदेव डॉ. पं. मिथिलेश नागर ने अपने श्रीमुखारविंद से भावपूर्ण प्रस्तुति दी, जिसे सुनकर श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो गए। कार्यक्रम के दौरान मेरी झोपड़ी में राम आएंगे और छम-छम नाचे वीर हनुमाना जैसे भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे और पूरा परिसर भक्तिमय माहौल से गूंज उठा। इस अवसर पर पं. मिथिलेश नागर ने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों को कम उम्र में मोबाइल न दें। उन्होंने विशेष रूप से बालिकाओं से मोबाइल पर रील न बनाने का आग्रह किया। उनकी अपील का असर भी दिखा, जहां करीब 103 बालिकाओं एवं महिलाओं ने हाथ उठाकर संकल्प लिया। आयोजन में श्रद्धालुओं में उत्साह और आस्था का विशेष माहौल रहा। कार्यक्रम ने धार्मिक भावना के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता का संदेश भी दिया। सुंदरकांड के समापन के बाद पंडित जी टास एमूसमेंट गेम जोन में पहुंचे, जहां उन्होंने आधुनिक तकनीकी युग में इस प्रकार के नवाचार की सराहना करते हुए शैलेन्द्र अर्जुनसिंह राठौ? परिवार को बधाई दी।

## आज की शाम-झूलेलाल के नाम... रंगारंग प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध हुए सिंधी समाजजन

▶ श्री झूलेलाल सिंधु महल स्थित झूलेलाल धाम मंदिर प्रांगण में झूम उठे लोग...





**मंदसौर।** श्री झूलेलाल सिंधु महल स्थित श्री झूलेलाल धाम मंदिर प्रांगण में 21 मार्च, शनिवार को श्री झूलेलाल जन्मोत्सव के द्वितीय दिवस 'आज की शाम-झूलेलाल के नाम' का संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सिंधी समाज की स्थानीय प्रतिभाओं ने अति सुंदर रंगारंग प्रस्तुतियां दीं, जिसकी समाज में सराहना की जा रही है। समाज जनों को सिंधु महल परिवार द्वारा छोटे-छोटे बच्चों को अपनी संस्कृति से जोड़ने के कार्यक्रम को देखकर अत्यंत आनंद की अनुभूति हुई। वरिष्ठ जनों ने इन नन्हे-मुन्ने बच्चों की प्रशंसा करते हुए कलाकारों को मंगल कामनाएं दीं व अपनी प्राचीन सनातन सिंधी संस्कृति की रक्षा के लिए भूरी-भूरी प्रशंसा कर आशीर्वाद दिया।

सिंधु महल के उपाध्यक्ष नंदू आडवानी ने बताया कि सर्व समाज के अनेक प्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बाई। सिंधु महल के वासुदेव खेमानी, नंदू आडवानी, पुरुषोत्तम शिवानी, ताराचंद जैसवानी, गिरीश भगतानी, काऊ जजवानी, वासुदेव? सेवानी, दयाराम जैसवानी, रमेश लवाणी, ब्रजलाल नैनवानी ने सभी अतिथियों को झूलेलाल के दुपट्टे पहनाकर स्वागत-सत्कार किया।

नंदू आडवाणी ने बताया कि सिंधी समाज के होनहार बच्चों के नाम मोनाल चंदानी, लक्षीत कोठारी, खुशी भरवानी एवं खनक भरवानी, फेरी कोठारी, निमांश लालवानी, मयंक लालवानी, गीवी दांवानी एवं लवेश तेजवानी, जाग्रव बरवानी एवं दिविक बरवानी, स्नेहा लालवानी, जिविका गिडवानी, मानसी कोठारी, सागर सोनी, सहज अदवानी, शिवांश कोठारी, मेहर कोठारी, गिरीश जेसवानी, हृदिक खत्री, सनेही दासवानी एवं प्रिया पमनानी, कृष्णा गिडवानी, यश कोटक, ऋति मखीजा, रियांश राईसिंघानी, गुरुशी गुर्नानी, गरिमा वसंत, साहिल सोनी, भूमि सोनी, चिराग सोनी, नव्या बबानी, लक्ष्य कोठारी, रियांश लालवानी, काव्यांश लालवानी, विलिना श्यानु मुलचंदानी, निमित मानवानी, भावनिका इसरानी, वर्षा हरवानी, पहल हरवानी, सारांश साधवानी, पलक हेमनानी, नैन्सी साधवानी एवं हिमांश हरवानी सहित 40 बच्चों ने भगवान झूलेलाल की महिमा के भजनों एवं संत कंवर के स्वरूप के रूप में श्रृंगार कर धार्मिक एवं खुशनुमा माहौल में नृत्य कर उपस्थित संगत एवं मेहमानों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस सुंदर ऐतिहासिक एवं मंदसौर सिंधी समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में योगेश गोविन्दयानी म्यूजिकल पार्टी ने भी अपनी प्रस्तुति से ऐसी समां बांधी कि कार्यक्रम यादगार बन गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन एवं सानिध्य श्रीमती मंजू कोठारी, पूज्य सिंधी महिला जनरल पंचायत की अध्यक्ष एवं पार्षद भावना पमनानी, ज्योति ककनानी, लता लालवानी का रहा। साथ ही एंकरिंग माला कोठारी, जीशा लालवानी, हर्षा साधवानी, लविना शर्मा, रोमा अदवानी, विशाखा कोठारी, भूमि गगवानी, निशा चंदवानी की सेवाओं से कार्यक्रम सफल रहा। सिंधु महल परिवार के सदस्यों ने सिंधी समाज के बच्चों की अपनी सिंधी संस्कृति एवं मातृभाषा के प्रति लगन को सराहा व कहा कि अगले वर्ष भी चेटीचंड महोत्सव पर बच्चों का ही कार्यक्रम किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बच्चों को सिंधु महल परिवार द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार दिए गए। आभार श्री झूलेलाल सिंधु महल परिवार के एवं पूज्य सिंधी जनरल एवं भाई बंधु पंचायत के अध्यक्ष वासुदेव सेवानी व सिंधु महल के कोषाध्यक्ष गिरीश भगतानी ने व्यक्त किया।

**वीर हनुमान यात्रा में हिस्सा लेने का आह्वान**

नंदू आडवानी ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित वीर हनुमान यात्रा में सिंधी समाज को सम्मिलित होने के लिए आयोजक समिति के प्रमुख बृजेश जोशी एवं गौरव अग्रवाल ने उपस्थित संगत को संबोधित किया। उन्होंने यात्रा के कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी देते हुए सिंधु जन, विशेषकर मातृशक्ति का आह्वान किया कि वे तलाई वाले बालाजी मंदिर से निकलने वाली वीर हनुमान यात्रा में शामिल होकर सनातन संस्कृति को बढ़ावा दें व धर्म लाभ प्राप्त करें।

### भूनिया खेड़ी में एनएसएस शिविर : गुजरात सिविल जज परीक्षा में चयनित झील गुप्ता ने बताए सफलता के मंत्र

**मंदसौर।** श्री जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय मंदसौर द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का सप्तदिवसीय शिविर ग्राम भूनिया खेड़ी में आयोजित किया जा रहा है। शिविर के षट्म दिवस के रूप में मनाया गया।




मुख्य अतिथि झील गुप्ता (गुजरात सिविल जज परीक्षा में 11वां स्थान प्राप्त) उपस्थित रही। उन्होंने सिविल जज जैसी प्रतियोगी परीक्षा में किस प्रकार सफल होना है, सफलता के गुण बताएं। साथ ही विद्यार्थियों को निरंतर अध्ययन करते रहना चाहिए, इस बात पर जोर दें। कोई भी परीक्षा ब?ी नहीं होती है, यदि हमारे मन में आत्मविश्वास हो तो हम उसमें सफलता प्राप्त कर सकते हैं। मंच पर प्रोफेसर करण आर्य एवं छात्रा सौम्या जैन उपस्थित रही। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश कुमार कौशिक ने अतिथियों का स्वागत किया। बौद्धिक कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथि द्वारा मां शारदे एवं विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया गया। इस अवसर पर प्राध्यापक चंचल शर्मा, हेमलता चौहान एवं प्रवीण चौधरी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिविरार्थी प्रार्थना जोशी ने किया।

**एक नजर** ▶ रविवार को शुद्धिकरण अभियान में नदी से 2 ट्रॉली कचरा निकाला

### प्लास्टिक मुक्त नदी संकल्प : 96वें दिन भी जारी रहा शिवना शुद्धिकरण

**मंदसौर।** आज शिवना शुद्धिकरण अभियान का 96वां दिन इस दौरान सभी ने नदी के आसपास सफाई कार्य किया, जिसमें विशेष रूप से प्लास्टिक कचरे और गाजर घास हटाने पर ध्यान दिया गया। नदी के किनारों पर जमा प्लास्टिक और कचरा न केवल उसके प्राकृतिक सौंदर्य को बिगाड़ रहे थे, बल्कि जल को भी प्रदूषित कर रहे थे।



सफाई के दौरान आसपास के लोगों से संवाद कर उन्हें जागरूक किया गया। इस अवसर पर लोकप्रिय विधायक विपिन जैन ने स्थानीय सभी लोगों से संवाद करते हुए कहा कि प्लास्टिक कचरा नदी या उसके किनारों पर न डालें क्योंकि प्लास्टिक का कचरा लंबे समय तक नष्ट नहीं होता, जिससे जल प्रदूषण के साथ-साथ मृदा प्रदूषण भी होता है। यह प्रदूषण न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है, बल्कि मानव और जीव-जंतुओं के स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव डालता है। श्री जैन ने सभी से अपील की कि वे अपने घरों से निकलने वाले कचरे को उचित स्थान पर ही डालें और स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझे। श्री जैन ने सभी मंदसौर वासियों से आहवान किया कि शिवना शुद्धिकरण अभियान में प्रति रविवार को प्रात: 7 से 9 बजे के बीच श्रमदान करने जरूर पधारे। रविवार को शिवना शुद्धिकरण अभियान के 96वे दिन श्रमदान करने वालों में सर्वश्री विधायक विपिन जैन, समाज सेवियों में सर्वश्री हेमराज खाबिया, बृजलाल बामनिया, राकेश जैन पिंटू, अभिषेक तिवारी, पंकज जेन, अमलवाद गांव से कैलाश कुमावत गुराडिया देदा से अखिलेश शर्मा, महिला नेत्रीयों में सुश्री इष्टा भाचावत, भागवंती बामनिया, प्रमिला पंवार, कांग्रेस के राजनारायण लाड, विकास दशोरा, विनोद शर्मा, संजय नाहर, अजय सोनी, मनोहर नाहटा, विश्वास दुबे, मनोज जैन, राजेश फरक्या, रघुवीरसिंह अंजना, महेश गुप्ता, अकरम खान, राकेश सेन, ऋषिराज लाड़, गोपाल बंजारा आदि श्रमदान में उपस्थित रहे।

# नीमच

## एक नजर में

### जिला कौशल विकास समिति की बैठक आज

**नीमच।** जिला कौशल विकास समिति की बैठक आज 23 मार्च को सुबह 10 .30 बजे कलेक्टर हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में आयोजित की जा रही है। कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित इस बैठक में समिति के सभी सदस्यों से उपस्थित होने का आगृह किया गया है।

### जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास मण्डल की बैठक आज

**नीमच।** जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास मण्डल की बैठक आज 23 मार्च 2026 को दोपहर 4 .30 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित की जा रही है। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में खनिज न्यास मण्डल के सभी सदस्य को उपस्थित होने के निर्देश दिए गये है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान संबंधी बैठक आज

**नीमच।** जल गंगा संवर्धन अभियान 19 मार्च से 30 जून 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत जनसहयोग एवं जनभागीदारी से और विभिन्न विभागों की समेकित पहल से नवीन जल संग्रहण संरचना निर्माण, पुरानी संरचनाओं का जीर्णोद्वार, मरम्मत जल संबंधित प्रचलित कर्यो की पूर्णता, राजस्व रिकार्ड में जल संग्रहण संरचनाओं व नहरों को अंकित करने, मानसून में किए जाने वाले पौधारोपण की तैयारी आदि कार्य किए जा रहे है। जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 की कार्य योजना तैयार करने के संबंध में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में आज 23 मार्च 2026 को दोपहर 12 .30 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में बैठक आयोजित की गई है। जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव ने सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है।

### नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, ढोलपुरा प्राथमिक शाला के दो छात्र चयनित

**नीमच।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय ढोलपुरा से प्रधानाध्यापक श्री सिद्धू लाल पुरोहित द्वारा किए गए शैक्षिक नवाचार सांदीपनी पुरस्कार एवं नवोदय परीक्षा के लिए विशेष क्लास लगाने के अथक प्रयासों के परिणाम स्वरूप नवोदय विद्यालय के लिए कक्षा पांचवी के दो बालकों का चयन हुआ है। छात्र राहुल भील और कंवरलाल भील दोनों छात्र मेरिट में स्थान पाकर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए चयनित हुए है। विद्यालय में पिछले तीन वर्षो से प्रधानाध्यापक श्री पुरोहित द्वारा स्थापित सांदीपनी पुरस्कार के अंतर्गत जो बच्चे कक्षा पांचवीं बोर्ड परीक्षा में प्रथम आते है और वे नवोदय परीक्षा में चयनित होते हैं उन छात्रों को विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री सिद्धू लाल पुरोहित सांदीपनी पुरस्कार के तहत 1000 रूपये नगद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित करते हैं। ढोलपुरा के दो छात्र पूर्व में भी नवोदय में चयनित हो चुके है, जो नवोदय में अध्ययन कर रहे हैं। अब तक ढोलपुरा विद्यालय के दो बालक और दो बालिकाओं का नवोदय में चयन हो चुका है। इन दो छात्रों के चयन से गांव में उत्साह और शासकीय विद्यालय के प्रति सकारात्मकता का निर्माण बना है। आसपास के गांव वाले भी विद्यालय द्वारा लगातार श्रेष्ठ परिणाम से प्रभावित होकर विद्यालय में प्रवेश के लिए आ रहे हैं छात्रों का नवोदय में चयन होने से समाज एवं गांव में बहुत ही उत्साह का वातावरण है। प्रधानाध्यापक ने दोनों छात्रों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है।



### महाराणा बंगला चोरी कांड का खुलासा

## लाखों का सामान जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरा फरार

**नीमच।** जिले में चोरी की वारदातों पर लगाम कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नीमच केंट पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। महाराणा बंगला क्षेत्र स्थित एक दुकान में हुई लाखों की चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरे आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया मश्रुका एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है।

यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक, मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसौदिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक किरण चौहान के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी निरीक्षक नीलेश अवस्थी के नेतृत्व में की गई।






**घटना का पूरा विवरण :** प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी मोहम्मद रफीक पिता कमरुद्दीन कुरैशी, निवासी राजीव नगर नीमच, महाराणा बंगला स्थित जारोली कॉम्प्लेक्स में आर.के. ट्रेडर्स नाम से एल्युमिनियम सेक्शन की दुकान संचालित करते हैं। 9 मार्च 2026 को शाम करीब 5 बजे वे रोजा होने के कारण दुकान बंद कर घर चले गए थे। अगले दिन 10 मार्च को सुबह करीब 11:30 बजे जब वे दुकान पर पहुंचे तो देखा कि शटर का एक ताला टूटा हुआ था और शटर को उठाकर अंदर प्रवेश किया गया था। दुकान के अंदर जाकर देखने पर करीब 750 किलोग्राम एल्युमिनियम सेक्शन (प्रत्येक 15 फीट लंबाई के 15 बंडल), एक हिटाची कंपनी का हैंड कटर, अन्य सामग्री तथा सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर गायब मिला। थाना नीमच केंट ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

**पुलिस की कार्रवाई और खुलासा:** मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने लगातार प्रयास करते हुए मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। इसी दौरान 18 मार्च 2026 को आरोपी साहिल पिता शहजाद पठान (उम्र 21 वर्ष), निवासी भगवानपुरा चौराहा, नीमच सिटी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी नासिर उर्फ शाहरूख पिता आरिफ खान, निवासी स्कीम नंबर 09 नीमच के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। गिरफ्तार आरोपी को वैधानिक कार्यवाही के बाद 21 मार्च को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

**एक आरोपी अभी भी फरार**

मामले में दूसरा आरोपी नासिर उर्फ शाहरूख फरार है, जिसकी तलाश पुलिस द्वारा लगातार की जा रही है। इस पूरे मामले के खुलासे में थाना प्रभारी निरीक्षक नीलेश अवस्थी, उपनिरीक्षक शिवलाल कलमी एवं थाना नीमच केंट की टीम की सराहनीय भूमिका रही। यह कार्रवाई न सिर्फ चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने की दिशा में अहम कदम है, बल्कि अपराधियों के लिए कड़ा संदेश भी है कि कानून से बच पाना आसान नहीं।




### विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की चुनर यात्रा ने भरा उत्साह और श्रद्धा का रंग

**नीमच। उपनगर बघाना में रविवार को विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वावधान में भव्य चुनर यात्रा का आयोजन किया गया। 71 फीट लंबी चुनर के साथ निकली इस विशाल यात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।**

यात्रा दोपहर करीब 12:10 बजे पूलकितानंद महादेव मंदिर से पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ हुई। बड़ी संख्या में महिला-पुरुष और बच्चे हाथों में भगवा ध्वज और चुनर लेकर जय माता दी के जयकारे लगाते हुए यात्रा में शामिल हुए। नगर का पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया और पुष्पवर्षा की गई। विश्व हिन्दू परिषद के विभाग मातृशक्ति प्रमुख रेखा वर्मा, जिला उपाध्यक्ष संजय यादव और जिला धर्मप्रसार प्रमुख विनोद जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे और उन्होंने आयोजन का मार्गदर्शन किया। विहिप विभाग गौरक्षा प्रमुख लक्ष्मण राठौर ने बताया कि यह यात्रा पूलकितानंद महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर धनेरिया रोड, संतोषी माता गली, अहीर मोहल्ला, फतेह चौक और होली चौक सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होकर कालिका माता मंदिर, स्टेशन रोड पर समापन हुई। समापन स्थल पर माता जी की विधिवत आरती और प्रसाद वितरण भी किया गया। पूरे आयोजन में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। श्रद्धालुओं का अनुशासन और उत्साह पूरे नगर के धार्मिक वातावरण को और भी सशक्त बनाने वाला रहा।

**एक नजर** ▶ नीमच और मानसा में एक साथ करवाई गई प्रतियोगिता

## ज्ञानोदय इंटरनेशनल स्कूल ने किया मेगा ड्राइंग कॉम्पिटीशन

**नीमच। नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था ज्ञानोदय इंटरनेशनल स्कूल के द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी स्थानीय गांधी वाटिका में ड्राइंग कंपटीशन सफलतापूर्वक आयोजित की गई।**

जानकारी देते हुए प्रोफेसर पंकज श्रीवास्तव एवं तरुण ओझा ने बताया कि नीमच एवं मानसा में एक साथ ड्राइंग कंपटीशन आयोजित की गई जिसमें 400 से भी ज्यादा बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता चार वर्गों में आयोजित की गई ।। कार्यक्रम के सम्मानित मुख्य अतिथि संस्था के अध्यक्ष श्री अनिल चौरसिया समाजसेवी बृजेश जी सक्सेना एवं डॉ पृथ्वी सिंह जी वर्मा थे।। निर्णायक की भूमिका का निर्वहन डॉ राहुल सर एवं संगीता अग्रवाल ने किया।।

अपने अतिथि उद्बोधन में श्री चौरसिया ने बच्चों को अपना आशीष वचन देते हुए आगे आने वाले समर कैंप के बारे में जानकारी प्रदान की जिसमें फुटबॉल एवं तैराकी जैसी विधाओं का आयोजन होना बताया। श्री बृजेश सक्सेना ने कहा की ड्राइंग में पारंगत होना जीवन का एक अमित अध्याय है और इससे कोई भी व्यक्ति अछूता नहीं है। कार्यक्रम संयोजक नेहा शर्मा ने बताया कि नर्सरी से यूकेजी ग्रुप पर प्रथम पुरस्कार काइरा बिजली वाला द्वितीय वन्य शर्मा और तृतीय दुर्वासी पोरवाल को मिला जबकि द्वितीय ग्रुप में प्रथम पुरस्कार हिमांशु कोली द्वितीय प्रति तथा तृतीय दृष्टि को मिला तृतीय ग्रुप में प्रथम पुरस्कार देविका अग्रवाल द्वितीय मानसी जैन और तृतीय निहिरा को मिला। के चौथे ग्रुप में प्रथम पुरस्कार जसलीन कौर द्वितीय गौरांग माली और तृतीय परिधि सागर को मिला। कार्यक्रम का सफलतम संचालन प्रोफेसर पंकज श्रीवास्तव ने किया।। बच्चों के साथ आए हुए अभिभावकों के लिए एक्टिविटी का भी आयोजन किया गया।। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन डॉक्टर ऋषभ नाहटा ने किया।। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोफेसर हेमंत शर्मा, कन्हैया सर, तनु शर्मा रीना कल्याणी सहित समस्त स्टाफ का सहयोग सराहनीय रहा।

